जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

26 मई 2023

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया में इंटर-रिलीजियस डायलॉग पर जर्मन स्कॉलर द्वारा वार्ता**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर मनीषा टी. पाण्डेय के मार्गदर्शन में 24 मई को डॉ. मेलानी बारबाटो द्वारा इंटर-रिलीजियस डायलॉग पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह एक ओपन लेक्चर था जिसमें विभिन्न विभागों और पाठ्यक्रमों के इच्छुक छात्र शामिल हुए।

डॉ. बारबाटो वेस्टफेलिस्के विल्हेल्म्स-यूनिवर्सिटीएट मुंस्टर के पोस्ट-डॉक्टरेट शोधकर्ता हैं, जिनकी स्कॉलरशिप  विशेष रूप से हिंदू-ईसाई आदान-प्रदान के इर्द-गिर्द इंटर-रिलीजियस डायलॉग पर केंद्रित है। डॉ बारबाटो के व्याख्यान का शीर्षक 'इंटर-रिलीजियस ग्रीटिंग्स मेसेजेस एज़ ए फॉर्म ऑफ़ इंस्टीट्युशनल कम्युनिकेशन' था। व्याख्यान में एक राजनीतिक रणनीति के रूप में इंटर-रिलीजियस ग्रीटिंग्स के उद्भव और भाषा, प्रदर्शन, प्रतीकवाद की अवधारणाओं पर चर्चा की गई ।

व्याख्यान के बाद एक खुली चर्चा हुई जिसमें जिज्ञासा और उत्सुकता के साथ विचारों का गहन आदान-प्रदान हुआ। धन्यवाद ज्ञापन से साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया